# COMMUNITY OUTREACH CELL 2023-24

## INCHARGE: Dr. Permila Devi

# <u>COURT CHAMBERS INAUGURATION (19th Aug.2023)</u>

Total 10 students were selected to perform various activities like welcome song, rangoli making, saraswati vandana etc during ribbon cutting ceremony for laying foundation stone for lawyers chambers.




Sagar Studio
9416306501,9315509508


KANYA MAHAVIDYALAYA

# BAR ASSOCIATION KHARKHODA

DISTT. SONEPAT - 131402

M: +91 94662 21753

Email: barassociationkkd@gmail.com

Ref. No 228/2023

Dated 16-08-2023

President:

Vice-President:

Secretary:

Joint Secretary:

Treasurer:

To

Principal
Kanya Mahavidhalya
Kharkhoda

Sub. – Request to make the following arrangements in the welcome/ honor the chief guest on dated 19-08-2023 for lying foundation stone for lawyer's chambers

i. 2 Lecture Stand
ii. Statue of Maa Saraswati
iii. Lightning lamp
iv. 6 Girls of Hotel Management ( In Proper uniform )
v. 3 Girls for Saraswati Vandna Song ( In Proper uniform )
vi. 2 Girls in Haryanvi uniform i.e. Kurti & Daaman

BAR ASSOCIATION KHARKHODA (SONEPAT)

Suresh Dahiya
President
Bar Association
Kharkhoda

To Dr. Permila [illegible]

# LITERACY WEEK
# (1st to 8th Sept 2023)

The department organized Literacy Week from 1st to 8th Sept. 2023 where approx. 50 students participated and performed various activities like rally, prabhat pheri, awareness campaign, poster making etc.











# कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली प्रभातफेरी

खरखौदा। कन्या महाविद्यालय में साक्षरता सप्ताह के दौरान छात्राओं ने प्रभात फेरी निकाल कर लोगों को जागरूक किया गया। छात्राओं ने शहर के विभिन्न मार्गों पर प्रभात फेरी के माध्यम से सभी को साक्षर होने का संदेश दिया। हिंदी विभाग प्रभारी डॉ प्रमिला ने बताया कि साक्षरता सप्ताह के दौरान रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, भाषण, वाद-विवाद व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन प्राचार्या डॉ योगिता मलिक की अनुमति से किया जा रहा है। कार्यक्रमों का आयोजन करके लोगों को साक्षरता के बारे में संदेश देना है। ये कार्यक्रम 8 सितंबर तक आयोजित किए जाएंगे। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत साक्षरता अभियान की शुरूआत की गई है। इस मौके पर डॉ विजयदीप व अन्य मौजूद रहे।

खरखौदा। प्रभात फेरी निकालते हुए छात्राएं

हरिभूमि – 5 sep. 2023










www.jagran.com

03-09-2023

विविध गतिविधियां

# रैली निकालकर किया जागरूक



शिक्षा के प्रति जागरूकता के लिए रैली निकाल रही छात्राओं को रवाना करतीं प्राचार्य डा. योगिता मलिक • जागरण

**संस, खरखौदा :** अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर शनिवार को शहर के कन्या कालेज की छात्राओं ने रैली निकाली, जिसे कालेज प्रांगण से कालेज प्राचार्य डा. योगिता मलिक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कन्या कालेज इन दिनों साक्षरता सप्ताह मना रहा है, जिसके तहत विभिन्न गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। प्राचार्य डा. योगिता मलिक ने बताया कि भारत सरकार द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-20201 की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर साक्षरता जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। ऐसे में वह रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन, भाषण, वाद-विवाद, प्रभात फेरी, शिक्षाप्रद अन्य गतिविधियों को हम अंजाम दे रहे हैं। जिससे लोगों का शिक्षा के प्रति रुझान बढ़े। इसके तहत ही आज साक्षरता रैली निकाली गई। इस अवसर पर डा. दर्शना दहिया, डा. सीमांत, डा. शालिनी, ममता, डा. अनीता, डा. प्रमिला और डा. विजयदीप मौजूद रहे।

# कन्या कालेज में साक्षरता सप्ताह का समापन



छात्रा को सम्मानित करती प्राचार्य डा. योगिता मलिक • कालेज

**संस, खरखौदा :** कन्या कालेज में चल रहे साप्ताहिक साक्षरता कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। बीते एक सप्ताह से कन्या कालेज में शिक्षा के प्रसार व प्रचार को लेकर विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे थे, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिता व जागरूकता रैलियों में हिस्सा लिया। समापन अवसर पर कालेज में भाषण के माध्यम से साक्षरता को लेकर अपने विचार रखे। डा. प्रमिला व डा. विजयदीप की देखरेख में यह आयोजन किया गया। छात्रा काजल, रश्मि, समिति, छाया, रीना ने साक्षरता दिवस के महत्व और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर अपनी प्रस्तुति दी। इस दौरान विभिन्न गतिविधिओं में हिस्सा लेने वाली छात्राओं को प्राचार्य ने सम्मानित किया। छात्राओं ने साक्षरता को लेकर विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेकर अपने ज्ञान का भी परिचय दिया है।

9/9/2023

# कामयाबी के लिए शिक्षा जरूरी

- कन्या महाविद्यालय में आयोजित साप्ताहिक साक्षरता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा




खरखौदा। कन्या महाविद्यालय में आयोजित साप्ताहिक साक्षरता कार्यक्रम सम्पन्न।

कन्या महाविद्यालय में साप्ताहिक साक्षरता कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया। अध्यक्षता प्राचार्या योगिता मालिक ने की। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यक्रम की सफलता में छात्राओं की भूमिका, उनकी लगन और मेहनत का ही परिणाम है। इसमें छात्राओं ने छुट्टी के दिन भी ऑनलाइन सक्रियता दिखाते पोस्टर, स्लोगन के माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को शिक्षा के महत्व को समझाते साक्षरता अभियान को सफल बनाया। कहा कि माता-पिता शिक्षा के प्रति जागरूक होंगे तभी वह अपने बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझा सकते हैं। शिक्षा के बिना मनुष्य किसी भी कार्य में सफल नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन का वह आधार है जो किसी के साथ भी नहीं बांटा जा सकता। शिक्षा के महत्व को रेखांकित करने के लिए ही अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर छात्रा काजल, रश्मि, सीमित, छाया, रीना आदि ने साक्षरता दिवस के महत्व के बारे में नई शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ पर अपने विचार प्रस्तुत किए। पोस्टर मेकिंग मे भाग लेने वाली छात्राओं को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

हरिभूमि – 9 Sep. 2023

# कार्यक्रम की प्रतिभागी छात्राओं का सम्मान




खरखौदा। रोहतक रोड स्थित कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को साप्ताहिक साक्षरता कार्यक्रम का समापन किया गया। महाविद्यालय में शिक्षा के प्रसार-प्रचार के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे थे, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिता व जागरूकता रैलियों में भाग लिया। अंतिम दिन छात्राओं ने भाषण के माध्यम से साक्षरता को लेकर अपने विचार रखे। डॉ. प्रमिला व डॉ. विजयदीप की देखरेख में यह आयोजन किया गया। छात्रा काजल, रश्मि, संगिति, छाया, रीना ने साक्षरता दिवस के महत्व और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर प्रस्तुति दी। इस दौरान छात्राओं को प्राचार्य डॉ. योगिता मलिक ने सम्मानित किया। संवाद

अमर उजाला – 9 Sept. 2023

# रिपोर्ट

9/9/2023

## साक्षरता सप्ताह अभियान (1 से 8 सितंबर 2023)

कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में प्राचार्या डॉ० (श्रीमती) योगिता मलिक की अनुमति से साक्षरता सप्ताह अभियान (1 से 8 सितंबर) की शुरुआत कम्युनिटी आउटरीच सैल, जेंडर स्टडी सोसायटी एवं महिला प्रकोष्ठ, रोड सेफ्टी क्लब और हिंदी विभाग के प्रभारियों डॉ० प्रमिला और डॉ० विजयदीप के नेतृत्व में की गई।
भारत सरकार द्वारा 'नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020' (NEP-2020) की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर साक्षरता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी के तहत कन्या महाविद्यालय में भी साक्षरता के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए पूरे सप्ताह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

1 सितंबर 2023 को छात्राओं को शिक्षाप्रद डॉक्यूमेंट्री मूवी 'धीर' और 'मैं हूँ कलाम' दिखायी गई।

2. सितंबर 2023 को छात्राओं द्वारा 'हम सब का यही नारा है जन-जन को साक्षर बनाना है' के नारे लगाते हुए खरखौदा क्षेत्र में रैली निकाली गई।

3. सितंबर को छात्राओं ने नारा लेखन (आनलाइन) गतिविधि में सक्रिय भाग लेकर साक्षरता का संदेश दिया।

4. सितंबर को छात्राओं ने 'चल रे साथी चल, चल पढ़ने को चल' गीत गाते हुए प्रभात फेरी निकाली।

5. सितंबर 2023 को छात्राओं ने 'शिक्षा का महत्त्व' विषय पर 'नुक्कड़ नाटक' प्रस्तुत कर साक्षरता का संदेश दिया।

6. सितंबर 2023 को छात्राओं ने 'साक्षरता' विषय पर सुंदर पोस्टर बनाए।

7. सितंबर 2023 को छात्राओं ने घर-घर जाकर लोगों को साक्षरता के महत्त्व को समझाया।

8. सितंबर 2023 को छात्राओं ने भाषण के द्वारा अपने विचार प्रस्तुत कर नई शिक्षा नीति और शिक्षा के महत्त्व को उजागर किया।

इन सभी गतिविधियों में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की और शिक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इन गतिविधियों में 50 छात्राओं ने सक्रियता से भाग लिया। कार्यक्रम/साक्षरता अभियान का समापन 8 सितंबर को 'अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस' के अवसर पर इन सभी छात्राओं को इनकी मेहनत व लगन के लिए प्राचार्या द्वारा रु. 2500/- के नकद पुरस्कार देकर किया गया।

Principal
Kanya Mahavidyalaya
Kharkhoda, Sonipat

# **AWARENESS CAMPAIGN ON NEP 2020**

The staff members launched a campaign to inform the youth about taking admission through NEP 2020.



